वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2004-2005

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली
INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS
NEW DELHI

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2004-2005

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली
INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS
NEW DELHI

विषय-सूची
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
वार्षिक रिपोर्ट
(1 अप्रैल, 2004 से 31 मार्च, 2005)

संकल्पना			1
न्यास का निर्माण			2
संगठन			2
कलानिधि			5
कार्यक्रम क	:	संदर्भ पुस्तकालय	5
कार्यक्रम ख	:	सांस्कृतिक अभिलेखागार	9
साँस्कृतिक सांयन्त्रिक संचार			12
कलाकोश			18
कार्यक्रम क	:	कलातत्त्वकोश	18
कार्यक्रम ख	:	कलामूलशास्त्र	19
कार्यक्रम ग	:	कलासमालोचन	22
कार्यक्रम घ	:	कलाओं का विश्वकोश	22
कार्यक्रम ङ	:	क्षेत्र-अध्ययन	23
जनपद-सम्पदा			26
कार्यक्रम क	:	मानवजाति वर्णनात्मक संग्रह	26
कार्यक्रम ख	:	बहुमाध्यमिक प्रस्तुतियाँ	26
कार्यक्रम ग	:	जीवन-शैली अध्ययन	27
कलादर्शन			33
प्रदर्शनियाँ			33
स्मारकीय व्याख्यान			36
बाल जगत			36
सार्वजनिक व्याख्यान/चर्चा			36

सूत्रधार 37

कार्मिक 37

आपूर्ति एवं सेवाएँ 37

भवन परियोजना समिति 37

समन्वयन 38

अध्येतावृति योजनाएँ 38

इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय केन्द्र - दक्षिणी क्षेत्र बैंगलौर 40

अनुबन्ध

1. : इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास के सदस्य (6.11.2004 को सेवानिवृत) 42

2. : इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास के सदस्य (31.03.2005 को) 43

3. : केन्द्र के अधिकारियों तथा वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं की सूची (31.03.2005 को) 44

4. : केन्द्र के प्रकाशन 47

INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS

ANNUAL REPORT FOR THE PERIOD

1st April, 2004 to 31st March 2005

Contents

Concept			48
Formation of the Trust			49
Organisation			49
KALĀNIDHI			**52**
Programme A	:	Reference Library	52
Programme B	:	Cultural Archives	55
Cultural Informatics Lab			59
KALĀKOŚA			**65**
Programme A	:	Kalātattvakośa	65
Programme B	:	Kalāmūlaśāstra	65
Programme C	:	Kalāsamālocana	67
Programme D	:	Encylopaedia of Arts	68
Programme E	:	Area Studies	68
JANAPADA SAMPADĀ			**71**
Programme A	:	Ethnographic Collection	71
Programme B	:	Multi media Presentation	71
Programme C	:	Lifestyle Studies	72
KALĀDARŚANA			**78**
Exhibitions			78
Memorial Lectures			81
Children's Programme			81
Public Lectures/Discussions			81

SŪTRADHĀRA

Personnel	82
Services and Supply	82
Building and Projects Committee	82
Coordination	82
Fellowship Schemes	83
The Indira Gandhi National Centre for the Arts - Southern Regional Centre	83
	86

ANNEXURES

I	:	The Indira Gandhi National Centre for the Arts Board of Trustees (as on 6-11-2004)	88
II	:	The Indira Gandhi National Centre for the Arts Board of Trustees (as on 31.3.2005)	88
III	:	List of officers of the IGNCA, including Senior /Junior Research Fellows in the IGNCA (as on 31.3.2005)	89
IV	:	The IGNCA Publications between April 2004 to March 2005	90
			93

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
वार्षिक विवरण- 2004-2005

संकल्पना

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (इ.गाँ.रा.क.के.) श्रीमती इन्दिरा गाँधी की स्मृति में स्थापित एक ऐसी स्वायत्त संस्था के रूप में परिकल्पित है, जिसमें सभी कलाओं के अध्ययन एवं अनुभव का समावेश हो और कला का प्रत्येक रूप अपना एक पृथक् अस्तित्व रखते हुए भी, पारस्परिक अन्योन्याश्रय की स्थिति में प्रकृति, सामाजिक-संरचना और ब्रह्माण्ड-व्यवस्था के साथ सम्बद्ध हो।

कला विषयक यह दृष्टिकोण मानव संस्कृति के व्यापक परिवेश के साथ अखण्ड एवं अपरिहार्य रूप से सम्बद्ध है। यह श्रीमती गाँधी की इस मान्यता पर आधारित है कि वैयक्तिक एवं सामाजिक स्तर पर मनुष्य के अन्तर्भूत गुणों के समुचित विकास में, कलाओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह दृष्टिकोण एक ऐसी विश्वदृष्टि की भावना में समाविष्ट है जो अपने स्वरूप में समग्र है, भारतीय परम्परा में सर्वत्र मुखरित है और महात्मा गाँधी एवं रवीन्द्रनाथ ठाकुर प्रभृति आधुनिक मनीषियों ने जिस पर बल दिया है।

यहाँ कलाओं को बहुत व्यापक रूप में देखा गया है, जिसमें शामिल हैं- लिखित एवं मौखिक रूप में उपलब्ध सृजनात्मक व समीक्षात्मक साहित्य, वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला और लेखाचित्र से लेकर सामान्य भौतिक संस्कृति, फोटोग्राफी और फिल्म जैसी दृश्य कलाएँ, अपने व्यापकतम अर्थों में संगीत, नृत्य एवं नाट्य जैसी प्रदर्शनात्मक कलाओं तथा मेलों, उत्सवों एवं जीवन शैली में विद्यमान वह सभी कुछ जिसे किसी भी दृष्टि से कलात्मक कहा जा सकता हो। प्रारम्भ में केन्द्र ने अपना ध्यान भारत पर ही केन्द्रित किया है पर भविष्य में इसके क्षेत्र का प्रसार अन्य सभ्यताओं एवं संस्कृतियों तक हो जाएगा । अनुसन्धान, प्रकाशन, प्रशिक्षण, सृजनात्मक कार्यकलाप तथा प्रदर्शन के विविध कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र, कलाओं को प्राकृतिक तथा मानवीय परिवेश के सन्दर्भ में प्रस्तुत करने का प्रयास करेगा। अपने समस्त कार्यकलाप में केन्द्र का आधारभूत दृष्टिकोण बहुविषयक एवं अन्तर्विषयक होगा।

केन्द्र के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं-

(1) लिखित, मौखिक एवं दृश्य सामग्री के विशेष परिप्रेक्ष्य में, कलाओं के प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना।

(2) कला,मानविकी, और सामान्य सांस्कृतिक धरोहर से संबंधित सन्दर्भ ग्रन्थों, शब्दावलियों, शब्दकोशों, विश्वकोशों आदि के अनुसन्धान एवं प्रकाशन का कार्य।

(3) सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन व सचल प्रदर्शनों के आयोजन हेतु क्रोड संग्रह के साथ-साथ जनजातीय एवं लोक कला प्रभाग स्थापित करना।

(4) प्रदर्शनों, प्रदर्शनियों, बहुमाध्यमिक प्रस्तुतियों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं के क्षेत्र में तथा उनके बीच परस्पर सृजनात्मक एवं समीक्षात्मक संवाद तथा विचार -विमर्श के लिए एक मंच उपलब्ध कराना।

(5) दर्शन, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी वर्तमान विचारों और कलाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना ताकि बौद्धिक समझबूझ के उस अन्तर को दूर किया जा सके, जो अक्सर एक तरफ आधुनिक विज्ञान और दूसरी तरफ कला तथा संस्कृति, जिसमें परम्परागत कला-कौशल तथा ज्ञान शामिल है, के बीच उत्पन्न हो जाता है।

(6) भारतीय प्रकृति के अनुरूप अनुसन्धान कार्यक्रमों तथा कला प्रशासन हेतु आदर्श तैयार करना।

(7) विभिन्न सामाजिक स्तरों, समुदायों और क्षेत्रों के बीच पारस्परिक क्रियाओं के जटिल ताने-बाने के रचनात्मक एवं गतिशील तत्त्वों को स्पष्ट करना।

(8) भारत और विश्व के अन्य भागों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्धों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता को प्रोत्साहन देना।

(9) कला और संस्कृति के अन्य राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्रों के साथ संचार-तंत्र का विकास करना, और कला, मानविकी और सांस्कृतिक धरोहर से सम्बद्ध शोध करने और उनको मान्यता प्रदान करवाने हेतु भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के साथ संबंध स्थापित करना।

विशेष कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं के माध्यम से कलाओं और अन्य विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में अन्योन्याश्रय सम्बन्ध, विभिन्न क्षेत्रों के मध्य परस्पर प्रभाव तथा जनजातीय, ग्रामीण, एवं नागरिक परम्पराओं के बीच पारस्परिक सम्बन्धों का, एवं इसी प्रकार भारत की लिखित एवं मौखिक धाराओं के मध्य पारस्परिक आदान-प्रदान का अन्वेषण, अभिलेखन और प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

न्यास का निर्माण

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कला विभाग के संकल्प संख्या एफ -16-7/86-कला, दिनांक 19 मार्च, 1987 के अनुसार, 24 मार्च,1987 को नई दिल्ली में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास का विधिवत् गठन एवं पंजीकरण किया गया। प्रारम्भ में एक सात सदस्यीय न्यास स्थापित किया गया था जिसका समय-समय पर पुनर्गठन होता रहा।

नवगठित न्यास की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की सूची अनुबन्ध -2 पर दी गई है।

संगठन

अपनी संकल्पनात्मक योजना में उल्लिखित उद्देश्यों तथा अपने मुख्य लक्ष्यों को पूरा करने हेतु केन्द्र, संरचनात्मक दृष्टि से स्वायत्त, किन्तु प्रक्रियात्मक रूप से सम्बद्ध, पाँच संभागों के माध्यम से कार्य करता है।

कलानिधि इसमें (क) मानविकी विषयों तथा कलाओं में अनुसंधान हेतु प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए, बहुविध संग्रहों से युक्त एक सांस्कृतिक-सन्दर्भ पुस्तकालय है, जिसे सम्बल प्रदान करने के लिए (ख) कलाओं, मानविकी विषयों तथा सांस्कृतिक धरोहर पर एक कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय सूचना प्रणाली एवं डेटा बैंक तथा (ग) सांस्कृतिक अभिलेखागार और कलाकारों/विद्वानों के बहुविध व्यक्तिगत संग्रह भी हैं।

कलाकोश यह संभाग आधारभूत अनुसन्धान का कार्य करता है। इसके दीर्घावधिक कार्यक्रमों में, (क) कला की आधारभूत संकल्पनाओं का एक कोश तथा मूलभूत तकनीकी शब्दों का संग्रह और अन्तर्विषयक शब्दावलियाँ, (ख) भारतीय कलाओं के आधारभूत ग्रन्थों की शृंखला, (ग) भारतीय कला-विषयक, समीक्षात्मक साहित्य के पुनर्मुद्रण की शृंखला, (घ) भारतीय कलाओं का एक बहुखण्डीय विश्वकोश, तथा (ङ) क्षेत्र अध्ययन परक कार्यक्रम, सम्मिलित हैं।

जनपद-सम्पदा यह संभाग (क) लोक एवं जनजातीय कलाओं और शिल्पों से संबंधित महत्त्वपूर्ण सामग्री का प्रलेखन करता है, (ख) बहुविध संचार माध्यमों द्वारा प्रस्तुतियाँ करता है, (ग) भारतीय सांस्कृतिक एवं राजनैतिक आयामों के ताने-बाने के वैकल्पिक मॉडल तैयार करने हेतु जनजातीय समुदायों की बहुविषयक जीवन-शैली के अध्ययन की व्यवस्था करता है। इसके साथ-साथ इस संभाग ने (घ) एक बाल रंगशाला स्थापित की है तथा एक (ङ)संरक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की भी सोच रहा है।

कलादर्शन यह संभाग कला एवं संस्कृति के एकीकृत विषयों तथा संकल्पनाओं पर अन्तर्विषयक संगोष्ठियों, प्रदर्शनियों एवं प्रस्तुतियों के लिए एक मंच उपलब्ध करवाता है।

सांस्कृतिक सांयन्त्रिक संचार 1994 में इस प्रयोगशाला की स्थापना, यू०एन०डी०पी० की सहायता से चलने वाली बहुमाध्यमिक प्रलेखन परियोजना ''स्ट्रेंगथेनिंग'' नेशनल फैसिलिटी फॉर इंटर-एक्टिव मल्टी मीडिया डॉक्यूमेंटेशन ऑफ कल्चरल रिसोर्सेज़ द्वारा की गई थी। विषय विशेषज्ञों के दिशा निर्देश से केन्द्र का दल इंटर-एक्टिव बहुमाध्यमिक प्रलेखन एवं सांस्कृतिक सूचना के गहन विश्लेषण में सक्षम हुआ। इस दक्षता का प्रयोग संस्कृति की संपूर्ण एवं अन्त:सम्बद्ध संकल्पना में सांस्कृतिक धरोहर के यथार्थ पुन: सृजन के लिए किया जा रहा है।

सूत्रधार यह संभाग अन्य सभी संभागों को प्रशासनिक, प्रबन्धकीय और संगठनात्मक सहायता एवं सेवाएँ उपलब्ध करवाता है।

संस्था के शैक्षणिक स्कन्ध अर्थात् कलानिधि एवं कलाकोश अपना ध्यान मुख्यत: बहुविध मूल एवं अनुषंगिक सामग्री के संग्रह पर केन्द्रित करते हैं। ये इसके लिए आधारभूत संकल्पनाओं की खोज करते हैं, आकार-आकृति के सिद्धान्तों का पता लगाते हैं और पारिभाषिक शब्दावलियों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हैं। यह कार्य वे सिद्धान्त और पाठ (शास्त्र) और बौद्धिक चर्चा (विमर्श) एवं निर्वचन (मार्ग)के स्तर पर इनकी व्याख्या के रूप में करते हैं। जनपद-सम्पदा एवं कलादर्शन, लोक, देश एवं जन के स्तर पर अभिव्यक्ति, प्रक्रिया, जीवन कार्यकलाप तथा जीवन-

-शैली और मौखिक परम्पराओं पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं। कुल मिलाकर, चारों संभागों के कार्यक्रम कलाओं को, जीवन एवं अन्य कलेतर अनुशासनों से उनके सम्बन्ध को, वास्तविक सन्दर्भों में प्रस्तुत करते हैं। सभी संभागों की अनुसन्धान, कार्यक्रम-निर्माण व फलावाप्ति की प्रविधियाँ समान हैं। वैसे, हर संभाग का कार्य, अन्य संभागों के कार्यक्रमों का पूरक है।

वर्ष 2004-2005 के दौरान इ०गा०रा०क०केन्द्र का विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार है।

1 अप्रैल, 2004 से 31 मार्च, 2005 तक की अवधि का वार्षिक प्रतिवेदन

सारांश

अपनी स्थापना के 18 वें वर्ष में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (केन्द्र) कलाओं के एक प्रमुख संसाधन-केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए अपने सुपरिभाषित उद्देश्यों को प्राप्त करता रहा। इस हेतु केन्द्र ने कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में एकीकृत अध्ययन एवं शोध कार्यक्रम हाथ में लिए, जैसे, कलाओं तथा तत्संबंधी विषयों के मूल ग्रंथों, पारिभाषिक शब्दावलियों तथा रिपोर्टों का प्रकाशन। इसके अतिरिक्त, केन्द्र ने संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों और विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियों तथा मल्टी-मीडिया प्रस्तुतियों के माध्यम से सृजनात्मक एवं समालोचनात्मक संवाद के लिए एक नियमित मंच प्रदान किया। इन कार्यक्रमों की व्याप्ति-परिधि में मूलभूत संकल्पनाओं तथा मीमांसात्मक विचार एवं संस्कृति से लेकर समकालीन अनुसंधान तक वह सब कुछ समाविष्ट है जिसका संबंध पुरातत्व, मानव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, कंप्यूटर, मानविकी विषयों तथा कला इतिहास आदि सभी शास्त्रों से है।

कला तथा संस्कृति के प्रधान संसाधन केन्द्र के रूप में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने प्रदर्शनियों तथा संगोष्ठियों जैसे तरह-तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से जनसाधारण तथा विद्वज्जन, दोनों के स्तरों पर ज्ञान के प्रचार-प्रसार में पर्याप्त योगदान दिया। उसने भारत तथा विदेश स्थित अनेक संस्थाओं तथा विद्वानों के साथ संपर्क स्थापित किए और उन्हें सुदृढ़ बनाए रखा। साथ ही, केन्द्र ने बहुत-सी संस्थाओं के साथ मिल कर अपने सहयोगात्मक कार्यक्रमों को अधिक व्यापक एवं घनिष्ठ बनाए रखने का प्रयास जारी रखा। आज इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्वानों तथा संस्थाओं के साथ बराबर संपर्क बनाए हुए है जो एक तरह से केन्द्र के बृहत्तर परिवार के ही सदस्य हैं।

कलानिधि

कलानिधि- एक राष्ट्रीय सूचना प्रणाली एवं डाटा बैंक के मुख्य घटक हैं-मुद्रित संग्रहों का एक उत्कृष्ट संदर्भ पुस्तकालय, माइक्रोफिल्मों/माइक्रोफिशेज का विशाल संग्रह स्लाइडों का एक ठोस संग्रह, सास्कृतिक अभिलेखागार एवं भारत दक्षिण एशिया एवं पश्चिम एशिया के पुरातत्त्व, मानवविज्ञान, इतिहास, दर्शन, साहित्य, भाषा एक सुसज्जित श्रव्य/दृश्य एवं फोटो प्रलेखन/कलानिधि का मूल उद्देश्य अर्न्तविभागों जैसे कलाकोश एवं जनपद सम्पदा में सतत् शोध कार्यों के लिए प्रमुख सूचना/ज्ञान के स्त्रोत केन्द्र के रूप में सहायता प्रदान करना तथा सांस्कृतिक सूचनात्मक प्रयोगशाला एवं कलादर्शन के तकनीकी सूचना सम्बन्धित आवश्यकताओं को पूरा करना एवं साथ-साथ भारत तथा विदेशों में सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के शोध कर्त्ताओं को सहायता प्रदान करना है। कलानिधि के संग्रह, देशी तथा विदेशी अनेक भाषाओं में हैं। इसमें स्रोत वस्तुओं की संख्या, मुद्रित एवं मुद्रित, 2.4 लाख से अधिक है।

कार्यक्रम-क

संदर्भ पुस्तकालय

इस पुस्तकालय में संदर्भ सामग्री पुस्तकों, स्लाइड्स, फोटोग्राफ,दृश्य-श्रृव्य सामग्री, अभिलेखीय संग्रह एवं माइक्रोफिल्म / माइक्रोफिश के रूप में हैं।

मुद्रित सामग्री -

पुस्तकालय में १२ भाषाओं में, जिनमें कुछ विदेशी भाषाए भी सम्मिलित हैं, मुद्रित 1,30,520 खण्ड हैं। यह पुस्तकें, लगभग एक हजार विषय सूची पत्रों के साथ, विस्तृत क्षेत्र के विषयों पर आधारित हैं। इनमें पुरातत्त्व शास्त्र, मानव विज्ञान, संरक्षण, संस्कृति, लोक परम्परा, इतिहास, मानविकी विषय, संग्रहालय, साहित्य, रंगमंच, सूचना विज्ञान, दर्शन तथा भाषा-विज्ञान जैसे विषय सम्मिलित हैं। पुस्तकालय में श्री हजारी प्रसाद द्विवेदी तथा श्री निर्मल कुमार बोस जैसे अनेकों प्रमुख विद्वानों के संग्रह मौजूद हैं। इन संग्रहों में मौजूद पुस्तकें, सूचीपत्र के अंश हैं परन्तु भौतिक रूप ले इन्हें अलग स्थान पर रखा गया है।

आलोच्य वर्ष में पुस्तकालय में 1229 पुस्तकें अर्जित गईं कीं जिनमें 653 पुस्तकें खरीदी गयीं। पुस्तकों के शीर्षक मुख्यतः योगतंत्र, कला एवं पुरातत्त्व शास्त्र, बौद्ध कला, इस्लामिक कला, भारतीय कला, साहित्य, इतिहास, लोक परम्परा तथा वैदिक एवं साहित्य से संबन्धित थे। जबकि 531 पुस्तकें राम शरण त्रिपाठी संग्रह से प्राप्त हुईं 45 पुस्तकें उपहार स्वरूप विद्वानों तथा संस्थानों से प्राप्त हुईं । इन पुस्तकों के विषय क्षेत्र पुस्तकालय के विस्तृत अध्ययन क्षेत्रों और अन्तर्विभागीय विद्वानों के प्रस्तावों पर आधारित हैं।

पुस्तकालय में कैटलॉगिंग, वर्गीकरण तदुपरान्त पुस्तकों की अवाप्ति का कार्य एक सतत् प्रक्रिया है। आलोच्य वर्ष में, 2005खण्डों का वर्गीकरण तथा कैटलॉग किया गया तथा वगीकरण का कार्य अमेरिकन

कैटलॉगिंग नियमों (ए.सी.आर II) के अनुसार किया गया। 1527 खण्डों के आँकड़ों को लिबसिस डेटा बेस में डाला गया जिससे विद्वानों के लिए पुस्तकालय में पुस्तकों को ढूंढने में आसानी हो। 2468 खण्डों के जिल्दबंदी का कार्य भी किया गया।

कलानिधि प्रभाग ने पुस्तकालय की सेवाओं को बढ़ाने तथा इसकी सदस्यता को बढ़ाने के लिए शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के साथ संपर्क करना आरम्भ कर दिया है। नए सदस्यों के नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तकालय सदस्यता शुल्क में पुनविर्लोकन, अवैतनिक सदस्यता प्रदान करने, शैक्षणिक उपभोक्ताओं तथा व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नए प्रतिमान प्रस्तावित किए गए हैं।

ग्रंथ सूची -

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, इंडियन इंस्टिट्यूट फॉर एशियन स्टडीज़ का एक सदस्य है। यह, कर्न इंस्टिट्यूट लाइदेन विश्वविद्यालय द्वारा 1926 में स्थापित ऐनुअल बिब्लियोग्राफी ऑफ द इंडियन आर्कियॉलॉजी का पुर्नजीवित स्वरूप है। आई.आई.जी.ए.एस 1997 में भारत, इंडोनेशिया तथा श्रीलंका के विद्वानों तथा शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित हुआ। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य, भारत में पुरातत्त्वशास्त्र, कला एव वास्तुशास्त्र से सम्बन्धित शोध लेखों, शोध पत्रों एवं पुस्तकों के सारांश को सदस्य देशों के बीच आदान प्रदान करना है। कलाओं के अध्ययन के लिए समर्पित प्रमुख संस्थानों होने के नाते इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र भारत में वर्ष 2007 में परियोजना का समन्वय कार्यालय होगा। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र पुस्तकालय लगभग आरम्भ से ही विभिन्न विषयों पर ग्रंथ सूचियाँ तैयार करने में लगा है यह विद्वानों के संदर्भ के लिए उपलब्ध हैं।

31 मार्च 2005 ग्रन्थ सूची कार्यक्रम का लेखा जोखा 31मार्च,2005 तक निम्नलिखित रहा:-

- मुखौटे - 2250 प्रविष्टियाँ ।
- गन्धर्व कला (प्रदर्शनात्मक कलाएँ जिनमें संगीत, नृत्य एवं मंच सम्मिलित हैं - 306 प्रविष्टियाँ ।
- रामलीला (नेशनल मिशन फार मैन्युस्क्रिप्ट के लिए: यूनेस्को परियोजना) - 71 प्रविष्टियाँ ।

रिप्रोग्राफी-

पुस्तकालय का यह एकक देश के विभिन्न पुस्तकालयों में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की माइक्रोफिल्म बनाने का कार्य करता है। माइक्रोफिल्म की मास्टर कुण्डली तथा उसकी एक प्रतिलिपि स्रोत पुस्तकालय को दे दी जाती है तथा एक प्रतिलिपि केन्द्र अपने पास रखता है। इस वर्ष इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने 7143 पाण्डुलिपियां तथा 5,92,830 पत्रों पर आधारित 924 माइक्रोफिल्म कुण्डलियाँ तैयार की। राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, अलवर में मौजूद पाण्डुलिपियों के माइक्रोफिल्म की नयी परियोजना 13 मई 2004 से आरम्भ कर दी गई। इस परियोजना का विस्तार निम्नलिखित है:-

- गवर्नमेंट ओरियंटल मैनुस्क्रिप्टस लाइब्रेरी, चेन्नई - संस्कृत / तेलुगु देवनागरी में 76 कुण्डलियाँ तथा इनके विषय: न्याय, पुराण, शास्त्र हैं।

- राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, जोधपुर - संस्कृत / देवनागरी में 357 कुण्डलियाँ। विषय: पुराण, वेद, भक्ति।
- डॉ. यू.वी. स्वामीनाथन लाइब्रेरी, चेन्नई तमिल भाषा में 67 कुण्डलियाँ। विषय: पुराण, ज्योतिष विद्या, व्याकरण, औषधि।
- ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, मैसूर - संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़ में 424 कुण्डलियाँ। विषय: निबन्ध, तंत्र, इतिहास, अलंकार।
- शंकर मठ कांचीपुरम -25 मूल कुण्डलियों से 50 प्रतिलिपि कुण्डलियाँ तैयार की गईं। केन्द्र में रिप्रोग्राफी एकक ने शंकर मठ के 155 पाज़िटिव कुण्डलियां पुस्तकालय को संदर्भ के लिए दी। यह मुख्यत: ज्योतिष विद्या, वेद, वेदान्त दर्शन, न्याय मीमांसा वेदान्त, काव्य, अलंकार, इतिहास, पुराण, धर्मशास्त्र, आगम एवं व्याकरण से सम्बन्धित है। प्रतिलिपि कार्य के अन्तर्गत 407 पाज़िटिव कुण्डलियाँ आलोच्य वर्षो में तैयार की गईं।

नई परियोजनाएँ -

निम्नलिखित संस्थानों ने अपने संग्रहों के माइक्रोफिल्म बनाने की अनुमति प्रदान की। यह कार्य पिछले वर्ष फंड की कमी के कारण नहीं लिया जा सका। इन्हें एक एक करके धन की उपलब्धि के अनुसार किया जाएगा।

(1) राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, जयपुर, (2) राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इस्टिट्यूट, कोटा (3) राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, बीकानेर (4) राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर (5) राजस्थान ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, भरतपुर (6) कामरूप अनुसंधान समिति, गुवाहाटी (7) द इंस्टिट्यूट आफ ऐण्टीक्वारियन स्टड़ीज, गुवाहाटी (8) गुवाहाटी यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी, गुवाहाटी, (9) आसाम स्टेट म्युज़ियम, गुवाहाटी।

स्लाइड्स एवं फोटोग्राफ्स-

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पास एशिया में स्लाइड्स का सबसे विशाल एवं समृद्ध संग्रह है। केन्द्र ने कुछ सर्वोत्तम कला संस्थानों से संग्रह प्राप्त किया है। इस समय केन्द्र में 76,000 स्लाइड्स मौजूद हैं जो मूर्तिकला चित्रकला, सूक्ष्म चित्रकला, दुर्लभ पुस्तकों , वास्तुकला एवं वस्त्रों से सम्बन्धित हैं। आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित विषयों पर 104 श्रृव्य सम्बन्धित स्लाइड के रूप में तथा 722 सम्बन्धितत फोटो निगेटिव के रूप में संग्रह में जोड़े गए:-

1. स्टाटलिश संग्रहालय बर्लिन से 57 स्लाइड्स। विषय: कुषाण, गंधार, मौर्य, गुप्त एवं पाल कालों की पाषाण मूर्त्तियाँ।
2. राजस्थान की लोक कलाओं की 37 स्लाइड्स पंडित जवाहरलाल नेहरु जनजातीय संग्रहालय जयपुर से प्राप्त हुई।

3. गगनेन्द्रनाथ टैगोर की चित्र कलाओं पर 10 स्लाइड्स।

4. श्री लंका के बौद्ध स्मारकों एवं स्थानों के जिसमें पोलोन्नारुवा, अनुराधापुरा, सिगरिया के स्थान सम्मिलित हैं, 570 फोटो निगेटिव

5. हरियाणा प्रान्तीय पुरातत्त्व संग्रहालय, झज्झर, हरियाणा के संग्रह से प्राप्त गुप्त एवं मौर्य कालीन पाषाण एवं टेरा-कोटा, मूर्तिकलाओं के 36 फोटो निगेटिव।

6. सिटी पैलेस, अम्बर पैलेस एवं हवा महल से प्राप्त हुई (जयपुर के स्मारकों के 106 फोटो निगेटिव) फोटो एकक ने कुल्लू के रीति-रिवाजों एवं त्योहारों का प्रलेखन तथा भारतीय कला में स्त्रियों पर प्राप्त आंकडों को कैटलाग किया। इस एकक ने राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन को संरक्षिका का प्रदर्शनी में सहायता प्रदान की।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने म्यूज़ियम संग्रहों से सम्बन्धित सूचनाओं के प्रलेखन की एक परियोजना आरम्भ की। अब तक 51 संग्रहालयों ने आंकडे भेजे हैं जो कम्प्यूटरीकृत किए जाएंगे। संग्रहालय मे रखी गई वस्तुओं के फोटो-प्रलेखन का कार्य अगले वित्त वर्ष में किया जाएगा।

संरक्षण प्रयोगशाला

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पास उपकरणों से सुसज्जित एक संरक्षण प्रयोगशाला है जो केन्द्र के अभिलेखित संग्रहों के निवारक एवं संरक्षण की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

आलोच्य वर्ष में इस संस्थान प्रयोगशाला ने निम्नलिखित कार्य किए:

- रामशरण त्रिपाठी संग्रह की पुस्तकों का यथापूर्वन।
- जनपदा संपदा के इथनोग्राफिक संग्रह के संगीत यन्त्रों का यथापूर्वन।
- जनपदा-सम्पदा के संग्रहो में से मुखौटों की मरम्मत तथा यथापूर्वन करना।
- पुस्तकालय की 2000 पुस्तकों का धूमीकरण।
- 12 पाण्डुलिपियों का उपचार।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन ने इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की संरक्षण प्रयोगशाला को दिल्ली एवं हरियाणा क्षेत्र के पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के रूप में नामांकित भी किया है। इसके अंतर्गत पाण्डुलिपि संरक्षण पर इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में 1-7 नवम्बर तक राष्ट्रीय स्तर की एक कार्यशाला आयोजित की गई। देश भर के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया तथा संरक्षण के क्षेत्र से सम्बन्धित विशेषज्ञों को स्रोत व्यक्तियों के रूप में आमंत्रित किया गया था। पाण्डुलिपियों के रख-रखाव पर एक दिशा निर्देश कार्यक्रम लडोथ (हरियाणा) के गुरुकुल में किया गया जिसमें पाण्डुलिपियों के अनेक संरक्षकों तथा विद्वानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम - ख

सांस्कृतिक अभिलेखागार

सांस्कृतिक अभिलेखागार में विभिन्न उच्च कोटि की वस्तुओं के अनेकों बहुमूल्य संग्रह मौजूद है। अन्य वस्तुओं में राजा दीन दयाल के ग्लास प्लेट निगेटिव्ज, चित्रकलाएं फोटोग्राफ्स, पुराने मानचित्र एवं महान हस्तियों के व्यक्तिगत संग्रह जिन्हें एकत्रित, वर्गीकृत एवं सूचीकृत किया गाया है। अभिलेखागार में श्रृव्य दृश्य वस्तुएँ , इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की गतिविधियों तथा संग्रहों के फोटो प्रलेखन मौजूद है। श्रृव्य-दृश्य सामग्रियां संदर्भ के लिए उपलब्ध है। अभिलेखागार के संग्रहों को आंशिक रूप से नए भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया।

वर्ष 2004-2005 में निम्नलिखित कार्य लिए गए:

- राजा दीन दयाल संग्रह के 3000 फोटोग्राफ्स का डिजिटाइज़ेशन !
- राजा दीनदयाल तथा 19 वीं सदी एवं 20 वीं सदी के आरम्भ के फोटोग्राफ्स पर सूचीग्रन्थ।
- डॉ. आर. पी. मिश्र संग्रह के ६१ विशाल मानचित्रों का भारत के महा सर्वेक्षक की सहायता से सूक्ष्म परीक्षण करके सी.डी. रोम के रूप में प्रतिलिपि तैयार करना।

प्रलेखन

श्रृव्य -दृश्य

आलोच्य वर्ष में श्रृव्य -दृश्य प्रभाग ने पूरे देश से इन्टैजिबल हेरिटज आफ इण्डिया परियोजना के दुर्लभ फुटेज प्राप्त करने के लिए विशाल प्रलेखन करके लक्ष्य को प्राप्त किया। इसमें 26 घंटे का कार्यक्रम में दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया। निम्नलिखित परियोजनाएँ पूरी की गई:-

1. कावेरी नदी के किनारे स्थित वैदिक गुरुकुल ओम शान्ति धाम पर एकक ने वैदिक धार्मिक क्रियाओं के सतत् प्रलेखन के कार्यक्रम के अन्तर्गत गहन प्रलेखन का कार्य किया।
2. मीडिया ने कुरुक्षेत्र में सोमवती अमावस्या को धार्मिक पद्धतियों को प्रलेखित किया। साथ ही पण्डितों के कुछ दुर्लभ बहियों को जो 400-500 साल पुराने है तथा पाण्डुलिपियों को जिनमें गुरूनानक देव जी की कुरुक्षेत्र यात्रा का वर्णन है प्रलेखित किया।
3. जनपदा सम्पदा विभाग का क्षेत्र - सम्पदा कार्यक्रम सांस्कृतिक महत्त्व स्थानों/घटनाओं का अन्वेषण करता है । इसी संदर्भ में धार्मिक स्थानों से सम्बन्धित धार्मिक प्रक्रियाओं का प्रलेखन किया जाता है। 250वर्षों के अन्तराल पर केरल के त्रिसूर में अशोरयामा यज्ञ, एवं दुर्लभ धार्मिक प्रक्रिया, आयोजित की गई। 11 दिनों तक तीन कैमरे रात-दिन कार्य करते रहे। अनेकों वैज्ञानिकों

एवं चिकित्सकों द्वारा किए गए पर्यावरण, व्यक्तियों एवं वातावरण पर हुए इस यज्ञ के प्रभावों का अध्ययन को प्रलेखित किया गया।

12. क्षेत्र सम्पदा के साथ-साथ लोक परंपरा भी जनपद सम्पदा प्रभाग का कार्यक्रम है। यह मुख्यतः जनसाधारण, ग्रामीण तथा आदिवासी समुदायों के जीवन शैलियों का अध्ययन करता है। मीडिया एकक ने गंगा की यात्रा, मुखबा से गंगोत्री तक और फिर अक्षय तृतीया को गंगोत्री कपाट के खुलने आदि, को प्रलेखित किया। स्थानीय मतों के अनुसार, शरद ऋतु में गंगा मुखबा में निवास करती है तथा ग्रीष्मऋतु में अक्षय तृतीय से एक दिन पूर्व डोली में सवार होकर गंगोत्री से अपनी यात्रा आरम्भ करती है। इस धार्मिक प्रक्रिया में भक्तगण गंगोत्री की ओर 25 कि.मी. की पदयात्रा करते हैं। यह प्रलेखन अपने आप में अद्वितीय है यह पहला दूरदर्शन दल था जिसे इस कार्य का सुअवसर प्राप्त हुआ। प्रलेखन में उनके धार्मिक पद्धतियों से सम्बन्धित सभी तत्त्व जैसे मौखिक लोक-कथाएँ, ध्यान विस्तृत धार्मिक प्रक्रियाए एवं पर्यावरण सम्मिलित है।

5. भारत में मनाई जाने वाली रामलीलाएँ लोक परंपरा का अंश है। इनका प्रदर्शन इनकी विशेष अस्मिताओं से युक्त होता है जो बहुधा क्षेत्र विशेष की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों से प्ररित होता है। अयोध्या एवं वाराणसी में एक महीने से भी ऊपर, रामलीला परंपरा की विभिन्न शैलियों का प्रलेखन किया गया। दो घण्टे की संपादित फिल्म यूनेस्को में प्रस्तुत की गई ताकि रामलीला परंपरा को यूनेस्को की मौखिक एवं अमूर्त मानवीय धरोहर के लिए चुना जाए। यह समस्त प्रलेखन बिना बिजली एवं ध्वनि-प्रणाली के, कई कैमरो द्वारा बडी कुशलता से सम्पन्न हुआ था।

6. छत्तीसगढ़ की कलाकार उषा वार्ले तथा उनके दल द्वारा प्रस्तुत लोक परम्परा , छत्तीस गढ़ की पंथी नृत्य, छत्तीस गढ़ की लोक क्रिया राजा फोकलाबा तथा सुश्री ऋतु वर्मा द्वारा गाए गए राजा पण्डावनी गीतों का प्रलेखन एक दीर्घकालिक परियोजना के अंश के रूप में दिया गया ताकि जनसाधारण की पारम्परिक जीवन शैली तथा उनकी रचनाओं का प्रलेखन किया जा सके। इस श्रंखला के अंश के रूपी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र, झबुआ एवं मधुबनी के वर्ली के चित्रकला शैली तथा तमिलनाडु के टेरा-कोटा फोटो के श्रृव्य-दृश्य को भी लिपिबद्ध किया गया।

7. बस्तर के लुहारों द्वारा, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में, 18 फुट के विशाल गेट के बनाने की विधि को प्रलेखित किया गया। दन्तेश्वरी देवी पर गाए गए धार्मिक गीतों, उनके नृत्य एवं कलाकारों के साक्षात्कारों को भी रिकार्ड किया गया।

8. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने अतीत में प्रसिद्ध कलाओं से सम्बन्धित, चर्चाओं को भी रिकोर्ड किया हैं। इस श्रृंखला में कला और कलाकार शीर्षक के अन्तर्गत श्री बालान नाम्बियार, एस.जी वासुदेव एवं प्रो. एस.के.रामचन्द्र राव के कलात्मक अनुभवों को रिकॉर्ड किया गया।

9. दूसरा प्रमुख प्रलेखन समुद्री अभिलेखशास्त्र पर एक दुर्लभ फुटेज का था जो प्रो. एस. के. राव, जिन्होंने जलमग्न द्वारिका शहर के खोज दल का नेतृत्त्व किया था, के विस्तृत साक्षात्कार पर आधारित था।

10. इस एकक ने स्वतन्त्रता सेनानी एवं गांधीजी के घनिष्ठ सहायक प्रो. महेश मिश्र का साक्षात्कार भी रिकॉर्ड किया।

11. मीडिया ने, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा आयोजित छः सप्ताह की रंगमंच कार्यशाला के अंत में स्कूली बच्चों द्वारा खेले गए चरण दास चोर नामक नाट्य का भी प्रलेखन किया।

12. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के काव्य-दृश्य सामग्री को समृद्ध बनाने हेतु इ.गा.रा.क.केन्द्र के श्रव्य-दृश्य भण्डार को और समृद्ध बनाने के लिए मीडिया एकक ने आगरा में आयोजित इण्टर्नेशनल कांग्रेस ऑन राक आर्ट का तथा विश्व के विभिन्न भागों से आए हुए प्रतिनिधियों की आवाज़ को भी प्रलेखित किया। इसके पश्चात् भारत में वर्ल्ड रॉक आर्ट हेरिटेज साइट इन इंडिया, भीमबेटक में विशेषज्ञों ने कार्य किया।

13. शीश महल म्यूजियम पटियाला के संग्रहों का प्रलेखन किया गया तथा इ.गा.रा.क.केन्द्र के स्लाइड्स संग्रह में जोड़ा गया।

फोटोग्राफी

यह प्रभाग नियमित रूप से इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सभी कार्यक्रमों के फोटो प्रलेखन का कार्य कर रहा है। यह फोटोग्राफ प्रेस जनप्रचार, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का विहंगम समाचार पत्रिका विभाग तथा अन्तर्विभागीय विद्वानों तथा प्रभागों के लिए सर्वदा उपलब्ध रहते हैं।

कलानिधि दिवस

कलानिधि प्रभाग, अपना वार्षिक दिवस माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाता है क्योंकि यह दिन विद्या एवं ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है। इस वर्ष, कलानिधि प्रभाग का सोलहवाँ वार्षिक दिवस 13 फरवरी को मनाया गया। इ.गा.रा.क.केन्द्र न्यास की न्यासी, डॉ कपिला वात्स्यायन मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर इ.गा.रा.क.केन्द्र के कर्मचारियों के बच्चों के बीच चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे 57 बच्चों ने भाग लिया। मेसर्स सेगमेन्ट बुक तथा मेसर्स बेटर बुक सर्विसेस ने इस अवसर पर पुस्तकों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की। इ.गा.रा.क.केन्द्र प्रकाशनों को भी प्रदर्शन हेतु रखा गया।

कलानिधि रीडर्स फोरम

आई जी.एन.सी.ए. ने एक कलानिधि रीडर्स फोरम का शुभारम्भ किया है। इस केन्द्र अपनी अभिरुचि के क्षेत्रों में वार्षिक व्याख्यानों का आयोजन इस फोरम का मुख्य कार्य है। देश विदेश के शोधकर्ताओं के साथ पारस्परिक विचार विमर्श के लिए एक त्रैमासिक समाचार पत्रिका निकाले की योजना भी बनाई जा रही है।

इस फोरम के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

1. कलानिधि के संग्रहों मे सुधार के लिए सलाह देना।
2. पुस्तकालय को संदर्भ सेवा की संरचना एवं विकास में सहयोग करना।
3. संग्रह तथा अन्य सामग्री के संरक्षण हेतु दिशा-निर्देश तथा,
4. कलानिधि की क्रियाओं एव प्रयोगों के विकास के लिए कार्य करना।

पुस्तकालए की सेवाओं में सुधार हेतु आई.जी.एन.सी.ए पूरे भवन में इण्टरनेट तथा इण्ट्रानेट सेवा प्रदान करने का संकल्प कर रहा है ताकि सभी संग्रहों की सूचना हर समय विश्व स्तर पर उपलब्ध रहे तथा सी.डी. पर डिजिटीकृत संग्रह को इण्टरनेट इण्ट्रानेट के माध्यम से सी.डी.एच-मिरर-सर्वर एक्सेस प्रदान किया जा सके। यह फोरम अनुच्छेद संकेतक तथा संक्षिप्त सूची डेटाबेस विकसित करना तथा मांग पर हाल के संग्रहों की सूची, समाचार डेटाबेस तथा ग्रंथ सूचियां उपलब्ध कराएगा तथा व्यक्तिविशेष एवं संख्या स्तर पर पुस्तकालय की सदस्यता के कार्य को बढ़ाएगा।

नेटवर्किंग

कलानिधि प्रभाग ने अन्य सांस्कृतिक संस्थानों, पुस्तकालयों एवं शोध संस्थानों के साथ एक विस्तृत नेटवर्क स्थापित कर रखा है। कुछ प्रमुख संस्थान हैं- लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस, नई दिल्ली, नेशनल रिसर्च लेबोरेट्री फॉर कनर्वजन लखनऊ एवं नेशनल मयूज़ियम, नई दिल्ली।

साँस्कृतिक सायन्त्रिक संचार

इस प्रयोगशाला की स्थापना यू०एन०डी०पी० की सहायता से चलने वाली बहुमाध्यमिक प्रलेखन परियोजना स्ट्रेंगथेनिंग नेशनल फैसिलिटी फॉर इंटर-एक्टिव मल्टी मीडिया डॉक्यूमेंटेशन ऑफ कल्चरल रिसोर्सेज़ द्वारा की गई थी। विषय विशेषज्ञों के दिशा निर्देश से केन्द्र का दल इंटर-एक्टिव बहुमाध्यमिक प्रलेखन एवं सांस्कृतिक सूचना के गहन विश्लेषण में सक्षम हुआ । इस दक्षता का प्रयोग संस्कृति की संपूर्ण एवं अन्त:सम्बद्ध संकल्पना में सांस्कृतिक धरोहर के वर्चुअल पुन: सृजन के लिए किया जा रहा है।

साँस्कृतिक प्रलेखन तथा कला विषयों एवं सूचना प्रौद्योगिकी के बीच संवाद स्थापित करने प्रभृति क्षेत्रों में इस परियोजना ने क्रान्तिकारी कदम उठाए हैं । इससे नवीन प्रौद्यौगिकी के प्रयोग, विकास एवं प्रदर्शन के नए द्वार खुले हैं।

परियोजना में उच्च स्तरीय बहुमाध्यमिक सामग्री-निर्माण हेतु नए संरचना-मॉडल्स, विकास-प्रक्रियाओं तथा पुन:-अनुप्रयोज्य सॉफ्टवेयर टूल्स की संकल्पना, विकास एवं अनुप्रयोग किया गया है। यूएनडीपी परियोजना परिपूर्ण होने के बाद इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास ने सरकारी एवं सहयोगी परियोजनाओं तथा अन्य संस्थाओं से दल द्वारा अर्जित धन राशि से साँस्कृतिक सांयन्त्रिक संचार के कार्यकलापों को जारी रखने का निर्णय लिया है। सी०आइ०एल० की मुख्य गतिविधियों में केन्द्र द्वारा पूरी की गई परियोजनाओं पर आधारित सांस्कृतिक सूचना का, नई कला प्रौद्यौगिकी की सहायता से प्रचार-प्रसार, अन्तर्विभागीय सी०डी०रोम परियोजना का वितरण एवं वेबसाइट सम्मिलित हैं।

प्रभाग की गतिविधियों को निम्नलिखित वर्गों में बाँटा जा सकता है:-

- प्रायोजित परियोजनाएँ
- अन्तर्विभागीय सी डी रोम परियोजनाएँ
- इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की वेबसाइट
- सी०आई०एल० की सहायक गतिविधियाँ

प्रायोजित परियोजनाएँ

कलासंपदा: डिजिटल लाइब्रेरी-रिसोर्सिज़ ऑफ इंडियन कल्चरल हैरिटेज (डी०एल०-रिच)

यह परियोजना संचार एवं सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्रालय (एम०सी०आई०टी०) के द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी इनीशियेटिव(डी०एल०आई०)-भारत के अन्तर्गत प्रायोजित की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य इ०गा०रा०क०केन्द्र में मौजूद सांस्कृतिक धरोहर का एक डेटा बैंक विकसित करना है।

इ.गा.रा.क.केन्द्र के पास सास्कृतिक सामग्रियों, जिसमे पाण्डुलिपियों स्लाइड्स, दुर्लभ पुस्तकें, फोटोग्राफ पुस्तकों के शोधप्रारूप के साथ-साथ श्रृव्य एवं दृश्य, पत्रिकाएँ, सीडी.रोम एवं समाचार पत्रिकाएँ सम्मिलित है, का विशाल संग्रह है। यह दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ विभिन्न संस्थानों जैसे भंडारकर ओरियंटल रिर्सच इंस्टिट्यूट, पुणे: सिंदिया ओरियंटल रिर्सच इंस्टिट्यूट उज्जैन, गर्वन्मेन्ट ओरियंटल मैनुस्क्रिप्टस लाइब्रेरी, चेन्नई, सरस्वती भवन लाईब्रेरी, वाराणसी तथा अनेकों जगहों से एकत्रित की गई है।

कलासम्पदा, एक अतुलनीय परियोजना, विद्वानों/उपभोगताओं के लिए इ.गा.रा.क.केन्द्र में मौजूद एक लाख से अधिक पाण्डुलिपियाँ एवं स्लाइड्स, हजारों दुर्लभ पुस्तकें, दुर्लभ फोटोग्राफ, ऑडियो एवं विडियो के साथ उच्च शोध प्रकाशनों को एक ही माध्यम से देखने के लिए सुगमता प्रदान करेगा। बहुमाध्यमिक कम्प्यूटर तकनीकी का उपयोग एक साफ्टवेयर पैकेज के विकास में किया गया है जो विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक सूचनाओं को एक ही स्थान पर एकत्र करता है। यह भारतीय कला एवं संस्कृति को एकबद्धता के साथ, अध्ययन में नया आयाम देगा, साथ ही प्रत्येक माध्यम को उचित महत्ता भी प्रदान करेगा।

इस पद्धति का उद्देश्य सूचियों एवं सूचना का डिजिटल भण्डार तैयार करना है जो प्रयोगकर्ताओं के लिए अति सरल हो। ज्ञान पर आधारित ऐसा डेटाबेस विद्वानों को बहुस्तरों में रखे हुए ज्ञान को खोजने में सहायक होगा। इसकी मुख्य गतिविधियों में सामग्रियों का डिजिटीकरण, डिजिटीकरण, के पश्चात् सम्पादक, उच्च संरक्षण क्षमता तथा सभंव पर आपूर्ति करना, प्रभावशाली, पुन: प्राप्त पद्धति की सरंचना एवं विकास आदि सम्मिलित है।

आलोच्य वर्ष में डिजिटीकरण की गई वस्तुएँ इस प्रकार हैं।

पाण्डुलिपियाँ	43.95 लाख पृष्ठ
पुस्तकें	5000 पृष्ठ
फोटोग्राफ	4000
स्लाइड्स	1000
श्रृव्य/दृश्य	200 घंटे

डिजिटीकरण का कार्य चालू रखा जा रहा है जिससे भविष्य में डिजिटाइज्ड़ की सभी उपलब्ध वस्तुओं को एक स्थान पर एकत्रित किया जा सके। डिजिटीकरण के बाद के सम्पादन कार्य प्रगति पर है।

रिट्रीवल एप्लिकेशन का विकास किया गया है तथा ऐसी अधिकतर वस्तुएँ इ.गा.रा.क.केन्द्र के वेबसाईट पर आनलाईन उपलब्ध है। इनका प्रयोग करना अति सरल है और इनके लिए कई सांस्कृतिक सस्थानों ने इ.गा.रा.क.केन्द्र से सम्पर्क किया है।

इस परियोजना ने वर्ष 2004 के लिए डिपार्टमेंट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स एण्ड पब्लिक ग्रिवेंसेज़, भारत सरकार द्वारा बेस्ट डाकुमेंटेड नालेज एण्ड केस स्टडीगोल्डन आइकन एवार्ड फॉर एक्ज़ेम्पलरी इम्पलिमेंटेशन फॉर इ-गवर्नेस इनिशीयेटिव प्राप्त किया ।

एम.सी.आई.टी. द्वारा नियुक्त की गई समिति ने मार्च 2004में परियोजना की समीक्षा की। प्रोजेक्ट स्टीयरिव्यूग रिव्यू ग्रुप ने 19 जनवरी 2003 की बैठक में परियोजना की अवधि सितम्बर, 2005 तक बढ़ाने की सहमति दी।

कन्टेंट क्रिएशन एण्ड आई टी लोकलाइज़ेशन-नेटवर्क

संचार एवं सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह परियोजना ''सांस्कृतिक धरोहर डिजिटल पुस्तकालय'' पर हिंदी भाषा में वेबसाइट विकसित करने के लिए है, जो विशेष रूप से हिन्दी भाषी क्षेत्रों पर मुख्यत: उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड एवं राजस्थान पर केन्द्रित है।

विषय-विशेषज्ञों/शोधकर्त्ताओं एवं संबंधित क्षेत्र के विद्वानों द्वारा विषय-सूची तैयार की जा रही है, इसके अन्तर्गत जन की सामान्य धरोहर, काव्य एवं साहित्यिक धरोहर, वास्तुगत धरोहर, प्राकृतिक धरोहर एवं उन क्षेत्रों से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ मुख्य विषय हैं। परियोजना के लिए जो विषय सूची (पाठपरक एवं दृश्य) जोड़ी गई है वह हैं 8,000 से अधिक पाठपरक पृष्ठ, 3600 से अधिक छवियाँ तथा 56 घंटों की श्रव्य एवं दृश्य सामग्री यह परियोजना पूर्ण हुई । अंतर्क्रियात्मकता बढ़ाने के लिए ज़ूम टूल्स, शो ऑल इमेजेज़, स्लाइड शो, व्यू डिजिटल इमेजेज़, इ-ग्रीटिंग, हॉटस्पाट व्यूअर, कोगनिटिव मैप जैसे सॉफ्टवेयर उपकरणों का विकास किया गया। यह उपकरण टीडीआईएल डाउनलोड वर्ग के अन्तर्गत संचार एवं सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्रालय के वेबसाइट पर डाउनलोडिंग हेतु उपलब्ध हैं। द प्रोजेक्ट स्टीयरिंग एण्ड रिविव ग्रुप ने 15 फरवरी, 2005 की सभा में परियोजना की अवधि सितम्बर, 2005 तक बढ़ाने की सहमति दे दी।

ओ.आर.आई. श्रीनगर में पाण्डुलिपियों का डिजिटीकरण-

सास्कृतिक सूचना-विज्ञान प्रयोगशाला ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट श्रीनगर में राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की ओर से पाण्डुलिपियों के डिजिटीकरण में लगा हुआ है। प्रथम चरण में पाण्डुलिपियों के 600,000 पृष्ठों का डिजिटीकरण करना था। सितम्बर-दिसम्बर 2004 की अवधि म150,000 पृष्ठों वाली 500 पाण्डुलिपियों का डिजिटीकरण किया गया। डिजिटीकरण का कार्य, श्रीनगर में अप्रैल 2005 के प्रथम सप्ताह से पुन: आरम्भ होगा।

नेशनल म्यूज़ियम में पाण्डुलिपियों का डिजिटीकरण-

सी.आई. एल. ने जनवरी-मार्च 2005 में नेशनल म्यूजियम, नई दिल्ली में मौजूद 500 पाण्डुलिपियों का डिजिटीकरण किया।

थ्री-डी वाक थ्रु सी.डी. रोम आफ हरप्पन गैलेरी आफ नेशनल म्यूजियम-

नेशनल म्यूजियम के लिए थ्री-डी वाक थ्रु सी.डी. रोम हरप्पन गैलेरी शीर्षक से एक परियोजना तैयार की जा रही है।

लाल बहादुर मेमोरियल ट्रस्ट, नई दिल्ली के लिए फोटोग्राफ

लाल बहादुर मेमोरियल ट्रस्ट, नई दिल्ली के लगभग 200 फोटोग्राफ का डिजिटाइज़ेशन एवं सम्पादन किया गया ।

जिससे इन छवियों को पोस्टर आकार में छाप कर लाल बहादुर मेमोरियल ट्रस्ट की गैलरी में लगाया जा सके। इनकी प्रतिलिपियाँ भी संदर्भ के लिए इ०गा०रा०क०केन्द्र में उपलब्ध है।

अन्तर्विभागीय सीडीरोम परियोजनाएँ

अजन्ता : एन इण्टरएक्टिव मल्टीमीडिया एण्ड वर्चुअल वाकथ्रू सीडी रोम

अजन्ता पर बनी यह सीडी-रोम भारत के एक प्रमुख धरोहर स्थल अजन्ता जो यूनेस्को की विश्व दाय स्मारकों सूची में है, पर विस्तृत ज्ञान एवं दृश्य अनुभव देने की एक कोशिश है। सीडी-रोम में सभी गुफाओं का वर्चुअल वॉकथ्रू,जातक एवं अन्य बौद्ध कथाओं का वर्णन, लगभग एक घंटे का परिचयात्मक विडियो, लगभग 1500 सचित्र छवियाँ, विद्वानों के लेख, ग्रंथसूची, शब्दावली आदि हैं। डिजिटल तकनीक का लाभ उठाते हुए खोज की सुविधा भी दी गई है ताकि सीडी में उपलब्ध सामग्री को, उनके प्रारूप को बिना विचारे, देखा जा सके। तकनीकी दृष्टि से यह वेबसाइट एक चुनौती भरा कार्य है क्योंकि समय की मार के चलते, ये गुफाएँ अस्तित्व के संकट में हैं। इसी कारणवश अधिक प्रकाशन का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी गई।

सी.डी रोम का विमोचन वर्ष 2005 में किया जाएगा।

देवनारायण

देवनारायण कथा राजस्थान की एक मौखिक परम्परा है। यह क्योंकि जनपद सम्पदा द्वारा चलाए गए जीवन शैली अध्ययन का एक अंश है सी.आई. एल. इसपर एक अन्तक्रियात्मक सी.डी. रोम तैयार कर रहा है जो इस परम्परा के विषय में पूरी जानकारी देगा। कहानी फड़ नामक विशाल पर्दे पर बनी चित्रकला के चारों ओर घूमती है। भोपा नामक एक व्यावसायिक गायक अपने गीतों तथा अभिनय के माध्यम से कहानी को आगे बढ़ाता है।

राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की लोक चित्रकलाएं (सांझी)

(जनपदा सम्पदा प्रभाग के लिए कपड़ा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एक परियोजना)

यह परियोजना कपड़ा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति तथा डेवलपमेंट कमिशनर (हस्तकला) को 10 जनवरी 2005 को दिखायी गई।

बृज ग्रंथसूची परियोजना

क्षेत्र-सम्पदा कार्यक्रम में, जनपदा-सम्पदा प्रभाग की इस परियोजना के पाठ को परियोजना समन्वायक तथा मार्गदर्शक पं० श्रीवत्स गोस्वामी द्वारा सुझाए गए फार्मेट में तबदील किया गया।

अन्य परियोजनाएँ

निम्नलिखित अन्तर्विभागीय सी. डी. रोम परियोजना पूर्ण होने के विभिन्न स्तरों पर है:-

टू पिलिग्रम्स : एलिजाबेथ सास एवं एलिजाबेथ ब्रुनर की जीवनी एवं कार्य गीत गोविंद परियोजना तथा बृहदीश्वर मंदिर ।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की वेबसाइट (डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट आईजीएनसीए डॉट जीओवी डॉट इन)

1. आलोच्य वर्ष वेबसाइट पर निम्नलिखित अपलोड की गई :-
   - पाण्डुलिपियों, स्लाइड्स, पुस्तकों श्रव्य एवं दृश्यों के सूचीपत्र ।
   - इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की नवीनतम समाचार पत्रिकाएँ ।
   - उड़ीसा के मन्दिरों से सम्बन्धित परियोजनाएँ
   - प्रेस समीक्षाएँ ।
   - नारीवाद, देवताओं की घाटी इत्यादि पर सामग्री।
2. भारत सरकार के परिपत्र के अनुसार, इन्दिरा गाँधी राष्टीय कला केन्द्र की वेबसाइट का पंजीकरण (डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट आईजीएनसीए डॉट जीओवी डॉट इन)के रूप में हुई और इसी की मैपिंग वर्तमान साइट के साथ एन आई सी द्वारा की जाएगी।
3. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की वेबसाइट सर्वाधिक लोकप्रिय वेबसाइट्स में से एक है जिसे पिछले छः मास में 86.41 औसत हिट्स प्रतिमाह के दर से लोगों ने देखा । (एन आई सी द्वारा विश्लेषित हिट्स के आधार पर)।

नेशनल म्यूज़ियम, नई दिल्ली के लिए प्रस्तुतीकरण

राष्ट्रीय संग्रहालय के लिए एक बहुमाध्यमिक प्रस्तुति विकसित की गई तथा इसे श्री जयपाल रेड्डी, सूचना प्रसारण एवं संस्कृति मंत्री तथा मोंटेक सिंह अहलुवालिया, उपसभापति, योजना आयोग के समक्ष प्रदर्शित किया गया।

अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इण्डियन स्टडीज़ (आई.आई.एस.) गुड़गाँव तथा बिल्डिंग मैटीरियल्स एण्ड टेकनालाजी प्रोमोशन काउन्सिल (बी.एम.टी.पी.सी.) नई दिल्ली के लिए बहुमाध्यमिक सीडी.रोम प्रस्तुति।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के कम्प्यूटर उपभोक्ताओं को तकनीकी सहायता

सी आई एल द्वारा इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सभी विभागों को सभी प्रकार की तकनीकी सहायता (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन, सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर इन्स्टॅलेशन, प्रोक्योरमेंट इत्यादि) प्रदान की गई।

कलादर्शन प्रभाग के कर्मचारियों को एक सप्ताह का कम्पयूटर-प्रशिक्षण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/व्याख्यान

अप्रैल 2004 में सूचना तकनीकी विभाग, एम.सी.आइ.टी.भारत सरकार द्वारा आयोजित इलेक्ट्रानिक एण्ड इनफार्मेशन टेकनॉलॉजी एक्सपोजीशन (एलिटेक्स) में कलासंपदा एवं कॉयल नेट परियोजनाएँ प्रदर्शित की गई।

अप्रैल 2004 में सी.आई एल के प्रतिनिधियों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन डिजिटल लाइब्रेरी में भाग लिया।

जुलाई-अगस्त 2004में श्रीलंका में आयोजित एनोटेटेड बिब्लियोग्राफी आफ इण्डिया आर्ट एण्ड अर्कियोलजी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. के. के. चक्रवर्ती एवं श्री पी.झा ने भाग लिया।

अगस्त 2004 में, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डियन स्टडीज़, गुड़गॉव में डिजिटल आर्काइव्ज़ पर श्री पी.झा. ने एक लेख प्रस्तुत किया।

नेशनल मिशन फार मैनुस्क्रिप्ट्स द्वारा आयोजित बेसिक स्टैंडर्डस आफ क्युरेटिव कंर्जवेशन नामक कार्यशाला में सी. आई.एल ने भाग लिया तथा सी.आई. एल. निदेशक ने डिजिटाइजेशन आफ मैनुस्क्रिप्टस शीर्षक से एवं लेख प्रस्तुत किया।

सितम्बर 2004 में पुणे में काइल-नेट परियोजना की समीक्षा सभा आयोजित हुई।

जनवरी 2005 में इलेक्ट्रानिक्स निकेतन, सी.जी. ओ. काम्प्लेक्स नई दिल्ली में कलासम्पदा परियोजना समीक्षा सभा आयोजित हई। परियोजना की प्रगति को प्रायोजक अभिकर्ता ने सराहा।

मार्च 2005 में इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ इन्फार्मेशन टेक्नालाजी, इलाहाबाद में युनिर्विसल डिजिटल लाइब्रेरी इनीशिएटिव आफ एम.सी.आइ.टी. के अन्तर्गत ओ.सी.आर (आप्टीकल कैरेक्टर रिकगनिशन) एवं डी.एस. (डिजीटल सिग्नेचर) पर आयोजित संगोष्टि में डिजिटाइजेशन इनिशिएटिव ऐट दि आई जी एन सीए पर प्रस्तुति।

कलाकोश

कलाकोश प्रभाग केन्द्र के मुख्य अनुसन्धान तथा प्रकाशन स्कन्ध के रूप में कार्य करते हुए कलाओं से जुड़ी बौद्धिक तथा पाठ्य परम्पराओं का उनके बहुस्तरीय एवं विविध विद्यापरक संदर्भो में अनुसन्धान करता है। यह शास्त्र को संदर्भ के साथ, दृश्य को मौखिक के साथ और सिद्धान्त पक्ष को व्यवहार पक्ष के साथ जोड़ते हुए, कलाओं को एक साँस्कृतिक प्रणाली के समग्र ढांचे के भीतर स्थापित करने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम-क

कलातत्त्वकोश

(भारतीय कलाओं की मूलभूत संकल्पनाओं का कोश)

कलातत्त्वकोश भारतीय कलाओं की आधारभूत अवधारणाओं का एक कोश है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यापक शोध एवं विशिष्ट विद्वानों के साथ विचार-विमर्श के पश्चात् 250 संकल्पनाओं के शब्दों की एक सूची तैयार की गई है। प्रत्येक संकल्पना की गवेषणा विभिन्न विषयों के लगभग 300 मूलग्रन्थों से की गई है। इस शृंखला का प्रथम ग्रन्थ वर्ष 1988 में प्रकाशित हुआ था और तब से अब तक इसके पाँच खण्ड निकल चुके हैं इसका नवीनतम (खण्ड 5) जिसमें आकार /आकृति पर आधारित लेख हैं इस वर्ष के प्रारम्भ में प्रकाशित हुआ ।

कलातत्त्वकोश के संदर्भ कार्ड :-

यह इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के वाराणसी कार्यालय में होने वाला कलातत्त्वकोश का सतत् कार्य है, जिसके अन्तर्गत (पहले से सूचीबद्ध) सम्बद्ध ग्रन्थों से संदर्भ कार्ड तैयार किए जाते हैं। यह संदर्भ कलातत्त्वकोश के शब्दों से सम्बद्ध हैं, जिनका उपयोग प्रत्येक शब्द पर लेख लिखने के लिए किया जाता है।

इस शृंखला से प्रकाशित खण्डों की मांग को देखते हुए, कुछ खण्डों को पुर्नमुद्रण के लिए दिया गया है। देश-काल (टाइम-स्पेस) का खण्ड एक को पुनर्मुद्रण के लिए प्रकाशक मोतीलाल बनारसी दास को दिया गया । समीक्षाधीन अवधि में कलातत्त्वकोश खण्ड छः -पर्सेप्शन, आभास पर एक लेख सम्पादन के लिए प्रदान हुआ। इस खण्ड में नौ पारिभाषिक शब्द आभास, छाया, बिम्ब-प्रतिबिम्ब, सादृश्य-सारूप्य, अव्यक्त-व्यक्त, पद, लिंग-चिह्न-लांछन, वृत्ति-रीति और अनुकृति-अनुकीर्तन होंगे। कलातत्त्वकोश के अगले दो खण्डों, आयतन एवं प्रतीक-अभिप्राय के लिए लेख तैयार करने का कार्य प्रगति पर हैं।

कार्यक्रम - ख

कलामूलशास्त्र

(भारतीय कलाओं से सम्बन्धित आधारभूत ग्रन्थों की शृंखला)

कलाकोश प्रभाग का दूसरा निरन्तर कार्यक्रम है- वैदिक साहित्य, आगम, तंत्र, वास्तुकला, मूर्त्तिकला, चित्रकला, संगीत, नृत्य और नाट्य आदि सभी भारतीय कलाओं से सम्बन्धित आधारभूत ग्रन्थों का समालोचनात्मक सम्पादन करके टीका-टिप्पणियों एवं अनुवाद सहित, उन्हें ग्रन्थमाला में प्रकाशित करना। इस शृंखला के अतिरिक्त केन्द्र ने कुछ अन्य ग्रन्थों को प्रकाशित करने का कार्य लिया है, जो कलामूल शास्त्र शृंखला के लिए सन्दर्भ ग्रंथों का काम करेंगे।

1. वैदिक संस्कार - काण्वशतपथ ब्राह्मण खण्ड पाँचवा : सम्पादक एवं अनुवादक स्वर्गीय डॉ० सी०आर०स्वामीनाथन।

2. आगम (शैव) - अजितमहातन्त्र पाँचवा खण्ड : सम्पादक एवं अनुवादक प्रो० जे फिलियोजा, प्रो० एन०आर० भट्ट एवं पी. एस. फिलियोजा।

3. कला एवं वास्तुकला (पूर्व भारतीय/उड़ीसा)
   शिल्प प्रकाश : पुनरीक्षित संस्करण : सम्पादक प्रो० बैटिना वॉमर

प्रकाशन

निम्नलिखित कार्य पूर्णप्राय: हैं-

वैदिक संस्कारों पर सन्दर्भ ग्रंथ

1. इलस्ट्रेटिड डिक्शनरी ऑफ वैदिक रिचुअल्स : रेखाचित्र, दृष्टान्त एवं छायाचित्र सहित डॉ० एच०जी०रानाडे द्वारा संकलित कार्य । आशा है जल्दी ही प्रकाशक को दे दी जाएगी।

आगम (वैष्णव, पञ्चरात्र)

2. ईश्वरसंहिता : (पाँच खण्डों में)प्रो० एम०ए० लक्ष्मी तताचार द्वारा सम्पादित एवं अनुवादित तथा (स्वर्गीय) प्रो०वी०वरदाचारी द्वारा विस्तृत प्रस्तावना के साथ पुनरीक्षित। इस ग्रन्थ के सभी खण्डों की सी आर सी तैयार हो चुकी है एवं सहप्रकाशक के पास भेजने के लिए संवीक्षाधीन है।

वैदिक अथवा श्रौत संस्कार (कृष्ण यजुर्वेद)

3. बौधायन श्रौत सूत्र भवस्वामी के भाष्य सहित (खण्ड-1, 2 एवं 3) प्रो० टी०एन०धर्माधिकारी ने इसका समालोचनात्मक सम्पादन किया तथा प्रस्तावना लिखी। तीनों खण्डों के प्रूफ की जाँच की जा रही है।

वैदिक/श्रौत संस्कार (सामवेदीय)

4. जैमिनीय-ब्राह्मण : प्रो० एच०जी०रानाडे द्वारा समालोचनात्मक सम्पादन एवं अनुवाद के पश्चात् पुणे में सम्पादक के निरीक्षण में टाइप-सेंटिग का कार्य किया जा रहा है ।

अलंकार शास्त्र (सौंदर्यशास्त्र)

5. रसगंगाधर - इसके दोनों खण्डों का समालोचनात्मक सम्पादन एवं अनुवाद प्रो० रमा रंजन मुखर्जी ने किया है। टाईप-सैंटिग का कार्य चल रहा है।

सरस्वतीकण्ठाभरण

6. इसको तीनों खण्डों का समालोचनात्मक सम्पादन एवं अनुवाद डॉ० सुन्दरी सिद्धार्थ ने किया है। अन्तिम कॉपी मुद्रण के लिए तैयार की जा रही है।

भारतीय कलाओं की आधारभूत संकल्पनाओं का अन्य भारोपीय भाषाओं के साथ सम्बन्ध

7. ग्लासरी ऑफ की आर्ट टर्म्स :- (स्वर्गीय) प्रो० विद्यानिवास मिश्र द्वारा 100 शब्दों की शब्दावली तैयार की गई। टाइप-सेंटिग का कार्य चल रहा है।

भारतीय सौंदर्यशास्त्र पर वैदिक ग्रन्थ सामग्री

8. कलाधार - यह (स्वर्गीय) प्रो० विद्यानिवास मिश्र द्वारा संकलित एवं सम्पादित ग्रन्थ। टाइप-सेंटिग का कार्य चल रहा है।

9. संगीत (दक्षिण भारतीय कर्नाटक)

चतुर्दण्डी प्रकाशिका (खण्ड-2) : प्रो० आर० सत्यानारायण द्वारा सम्पादित एवं अनुवादित ग्रन्थ (मुद्रणाधीन) है।

संगीत (पूर्वी भारतीय संगीत शास्त्र, उड़ीसा)

10. संगीतनारायण-डॉ० मंदाक्रान्ता बोस द्वारा समालोचनात्मक सम्पादन एवं अनुवादित है। प्रारूपण सामग्री तैयार है।

संगीत (पूर्व मध्यकालीन उत्तर भारतीय)

11. नारद कृत संगीतमकरन्द- डॉ० एम विजयलक्ष्मी द्वारा सम्पादित एवं अनुवादित है। इस ग्रन्थ का कार्य अंतिम चरण में है।

वास्तुकला एवं नगर योजना

12. समरांगणसूत्रधार - (खण्ड 1 और 2 एवं 3) डॉ० पी०पी०आप्टे एवं श्री सी० वी० काण्ड द्वारा संपादित एवं अनुवादित है एवं सम्पादकीय कार्य चल रहा है।

इन परियोजनाओं पर काम चल रहा है :-

वैदिक कर्मकाण्ड

1. गोपथ ब्राह्मण : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० समीरन चन्द्र चक्रवर्त्ती ।

वैदिक स्वर विज्ञान

2. याज्ञवल्क्य शिक्षा : सम्पादक एवं अनुवादक : डॉ० नारायण दत्त शर्मा ।

वैखानस सम्प्रदाय

3. मरीचि-संहिता : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० एस०एन०मूर्त्ति ।

दक्षिण भारतीय प्रतिमालक्षण विज्ञान

4. तंत्र-सम्मुच्चय : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० के० के० राजा।

असाम्प्रदायिक पाँचरात्र

5. हयशीर्ष-पंचरात्र : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० गयाचरण त्रिपाठी

कर्नाटक संगीत

6. रागविबोध : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० रंगनायकी अय्यंगर

वास्तुशास्त्र

7. वास्तु मंडन : सम्पादक एवं अनुवादक : डॉ० अनसूया भौमिक

बौद्ध दर्शन

8. शतसाहस्त्रिका प्रज्ञा पारमिता : सम्पादक एवं अनुवादक : डॉ० रत्ना बासु

शाक्त तंत्र

9. साधनमाला : सम्पादक एवं अनुवादक : पं० सातकड़ि मुखोपाध्याय

शैवागम

10. अघोरशिवाचार्य पद्धति : सम्पादक एवं अनुवादक : (स्वर्गीय) डॉ० एस० एस० जानकी

खगोल-विज्ञान

11. राजप्रश्नीय सूत्रम : सम्पादक एवं अनुवादक : एस०आर०सरमा ।

अंलकार शास्त्र

12. शारदातनय कृत भाव-प्रकाशन : सम्पादक एवं अनुवादक : प्रो० जे०पी०सिन्हा

सौन्दर्यशास्त्र

